# ए.आई. व्यवसायिक सफलता व उद्यमशीलता नवाचार की बुनियादी आवश्यकताः प्रदीप कुमार अरोड़ा

● निसबड के मुख्य परामर्शदाता ने प्रतिभागियों को बाँटे ट्राफी एवं प्रमाण पत्र




**भारत कनेक्ट संवाददाता**

सरोजनीनगर क भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय द्वारा संचालित राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान (निसबड) के मुख्य परामर्शदाता प्रदीप कुमार अरोड़ा ने कहा कि तकनीक ने हमारे जीवन को बेहद आसान बना दिया है। एक समय बेहद कठिन माने जाने वाले कार्य अब एआई की बदौलत कम समय में बेहद सरलता से किये जा सकते है। ए.आई व्यावसायिक सफलता और उद्यमशीलता नवाचार के लिए एक बुनियादी आवश्यकता बनता जा रहा है। श्री अरोड़ा विश्व युवा कौशल दिवस सप्ताह के तहत सरोजनीनगर की देवलोक कालोनी स्थित सहयोग परिवार परिसर में आयोजित उद्यमिता विकास कार्यक्रम आधारित पश्नोत्तरी प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को सम्बोधित कर रहे थे।

निसबड द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में दीक्षा यादव, मीठी रावत, अदिति दुबे, पूजा कुमारी, संकल्प, देवेन्द्र गौतम, अभय कुमार व सूरज कुमार ने सभी 20 में 20 प्रश्नों के सही जवाब दिया और पहले स्थान रहे, जबकि वर्ष राजपूत व आरती रावत ने 19-19 प्रश्नों का सही जवाब देकर दूसरे स्थान हासिल किया, यही नहीं आरती सोनकर, पायल, मोहिनी तथा अजय कुमार यादव द्वारा 20 में से 18-18 प्रश्नों के सही जवाब देकर तीसरे स्थान प्राप्त किया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर एक से अधिक प्रतिभागियों के होने पर लॉटरी द्वारा विजेता का चयन किया गया। जिसमें पहले स्थान पर दीक्षा यादव, दूसरे वर्षा राजपूत की पायल तीसरे स्थान पर रही।

इन सभी विजयी प्रतिभागियों को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सहयोग परिवार के अध्यक्ष अंकुर राज किशोर पासी ने आए हुए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। जबकि कार्यक्रम में प्रशिक्षक अतुल राय एवं शशिकला सहित तीन दर्जन से अधिक प्रतिभागी मौजूद रहे।